नागपुर से उत्तर भारत की ओर जाने वाली गाड़ियों में यात्रियों के हाल बेहाल

दिवाली : ट्रेनों में नरक जैसा मंजर



नागपुर, नगर प्रतिनिधि. हर वर्ष की तरह इस बार भी हजारों रेल यात्रियों को दिवाली जैसे सबसे प्रमुख त्योहार के लिए अपने घर जाना किसी युद्ध से कम साबित नहीं हो रहा. रेलवे द्वारा हजारों स्पेशल ट्रेनें चलाकर यात्रियों को राहत देने की बातें नागपुर स्टेशन से उत्तर भारत की ओर जाने वाली ट्रेनों के हाल देखकर हवाहवाई नजर आती हैं. अब भी रेगुलर ट्रेनों का हाल देखकर ऐसा लगता है जैसे घर जाना कोई गुनाह या जंग जीतने जैसा हो गया है. स्टेशन के प्लेटफॉर्मों पर यात्रियों की भारी भीड़ और ट्रेनों में घुसने के लिए हो रही मारामारी ने व्यवस्था की कलई खोलकर रख दी है. स्थिति इतनी वीभत्स और दयनीय है कि इसे देखकर किसी का भी दिल पसीज जाए.

डिब्बों के दरवाजे जंग का मैदान, ठसाठस भरे यात्री

दीपावली के इस मौके पर उत्तर भारत जाने वाली ट्रेनों (जैसे गोरखपुर, दिल्ली, लखनऊ या पटना रूट की गाड़ियां) के जनरल और स्लीपर क्लास के नजारें शोचनीय स्थिति जाहिर करने के लिए काफी हैं.

0 ये मानवीय संवेदनाओं को झकझोरने वाली हैं. ट्रेन के डिब्बों के दरवाजे ही अखाड़ा बन चुके हैं. भारी-भरकम बैग, सूटकेस और पीठ पर लादे गए पिट्ठू बैग के साथ यात्री किसी भी तरह ट्रेन के अंदर घुसने के लिए संघर्ष करते नजर आ रहे हैं.

0 डिब्बों के भीतर तिल रखने की भी जगह नहीं बची है. लोग इस कदर ठसाठस भरे हुए हैं कि एक इंच हिलने-डुलने की भी गुंजाइश नहीं है. हालात यह हैं कि यात्रियों के हाथ हवा में लटके हैं, वे रेलिंग और दरवाजों के हत्थों को लोहे की तरह जकड़कर अपनी जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर हैं.

स्लीपर और जनरल में फर्क नहीं, रेंगती व्यवस्था

0 त्योहारी भीड़ के आगे रिजर्वेशन और टिकिट के सारे मायने बेमानी हो चुके हैं. स्लीपर क्लास और जनरल कोच में कोई अंतर नजर नहीं आ रहा है.

0 महीनों पहले स्लीपर क्लास में आरक्षित टिकट बुक कराए थे, वे भी अपने ही बर्थ तक पहुंचने के लिए तरस रहे हैं.

0 यहां तक एसी क्लास में भी टायलेट के पास यात्रियों को कोच की फर्श पर बैठकर सफर करते देखा जा सकता है.

0 ऐसे में गलियारों से लेकर टॉयलेट के रास्तों तक लोगों का ऐसा कब्जा है कि पैर रखना भी दूभर हो गया है.

0 महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे इस घुटन भरे माहौल में पसीने-पसीने होते नजर आ रहे हैं.

0 डिब्बों के अंदर फंसे यात्रियों के चेहरों पर घर पहुंचने की खुशी कम और इस अमानवीय प्रताड़ना का दर्द साफ झलक रहा है.

दूरबीन से भी नहीं दिख रहे सुरक्षाकर्मी

हैरानी की बात है कि चलती ट्रेन से गिरते यात्री को बचाकर पुरस्कार प्राप्त करने वाले सुरक्षाकर्मी इतनी भीड़ के बावजूद ट्रेन के आसपास या प्लेटफॉर्म पर कहीं नजर नहीं आ रहे. हाल ये है कि ट्रेन रवाना होने तक पहले से ठसा जनरल कोच के एक-एक गेट पर 50-50 यात्री लटक रहे थे लेकिन एक भी सुरक्षाकर्मी मौजूद नहीं दिख रहा जो भीड़ को नियंत्रित करने का प्रयास करे. यदि कोई दूरबीन लेकर ढूंढे तो भी कोई सुरक्षाकर्मी नजर नहीं आ रहा.

खोखले दावे, मौन व्यवस्था

हर वर्ष रेलवे त्योहारों पर अतिरिक्त ट्रेनें चलाने और सुरक्षा के बड़े-बड़े दावे करती है लेकिन नागपुर स्टेशन पर उत्तर भारत की ट्रेनों के जनरल और स्लीपर कोच के नजारे उन दावों पर सीधा तमाचा हैं. जब उत्तर भारत की ओर जाने वाली मुख्य ट्रेनों में ऐसी अमानवीय भीड़ उमड़ती है तो प्रशासन की तैयारियां महज कागजी साबित होती हैं. क्या त्योहार पर घर जाना सिर्फ उन लोगों का हक है जो दमघोंटू माहौल में जानवरों की तरह यात्रा करने को तैयार हैं? नागपुर स्टेशन पर यात्रियों की यह बेबसी रेलवे प्रशासन की कार्यशैली पर एक बहुत बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा करती है जिसका जवाब देने वाला फिलहाल कोई जिम्मेदार अधिकारी नजर नहीं आ रहा है.

आनंद क्लब द्वारा ग्राम बिरोली में मनाया दीपोत्सव कार्यक्रम



नव भारत न्यूज

पांढुरना,7नवंबर, राज्य आनंद संस्थान भोपाल द्वारा संचालित आनंद क्लब शाखा पांढुरना के तत्वावधान में आज तहसील पांढुरना के ग्राम बिरोली में ग्रामीणजनों के साथ दीपोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान आनंद संस्थान के पदाधिकारी तथा सदस्यों द्वारा ग्रामीण परिवारों एवं बच्चों के साथ दीपोत्सव की खुशियां साझा की गईं। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणजनों एवं बच्चों को मिठाई एवं दीपावली उपहार वितरित किए गए। सभी ने मिलकर खुशियों, आपसी सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया।

आनंद क्लब पांढुरना द्वारा इस आयोजन के माध्यम से ग्रामीण अंचल में खुशियां बांटने तथा समाज में सकारात्मकता, सहयोग एवं आनंद की भावना को बढ़ावा देने का सराहनीय प्रयास किया गया। कार्यक्रम में कार्यक्रम को सफल बनाने में आनंद क्लब के सदस्य के जितेन धुन्डे, राकेश नांदेकर, आशीष देशभ्रतार, वैभव आखरे, अक्षय देशभ्रतार, धर्मेन्द्र बांगरे, सुमित देशभ्रतार सभी का सहयोग रहा।

लूडो के चक्कर में गंवाए 12 .33 लाख रुपये

MBBS छात्र के साथ ऑनलाइन गेमिंग में ठगी



कार्यालय प्रतिनिधि

नागपुर. लूडो खेलकर पैसे कमाने के चक्कर में एक एमबीबीएस छात्र ठगी का शिकार हुआ. शुरुआत में कुछ गेम जीतने के बाद वह लगातार हारता गया और 12.33 लाख रुपये गंवा दिए. जिस एप्लिकेशन पर वह लूडो खेल रहा था उसके सारे नंबर बंद हो गए. ठगी का पता चलने पर उसने पुलिस से शिकायत की. साइबर पुलिस ने 23 वर्षीय पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज किया है. वह नागपुर के शासकीय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के अंतिम वर्ष का छात्र है.

मेडिकल कॉलेज के ही हॉस्टल में रहता है. जनवरी 2026 में यूट्यूब पर वीडियो देखते समय उसे %ट्राय प्लेयर्स% नामक ऐप्लिकेशन का विज्ञापन दिखाई दिया जिसमें रियल मनी में लूडो खेलकर पैसे कमाने का लालच दिया गया था. उसने एप्लिकेशन में अपना रजिस्ट्रेशन किया. यूपीआई के माध्यम से पैसा जमा करके लूडो खेलना शुरू किया. शुरुआत में कुछ गेम जीतने के बाद उसे रकम भी मिली जिससे उसका भरोसा बढ़ गया. समय-समय पर उसने एप्लिकेशन में यूपीआई और बैंक ट्रांसफर कर 12.33 लाख रुपये जमा कर दिए. इसके बाद वह एक भी गेम नहीं जीता. हर बार उसके जीतने के आसार नजर आते थे लेकिन अचानक गेम पलट जाता और वह हार जाता था. उसने एप्लिकेशन में दिए गए हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क किया. तब उसे एप्लिकेशन में ही हेराफेरी होने का पता चला. बाद में उसे जो नंबर दिए गए थे वो बंद हो गए. मोटी रकम गंवाने के बाद उसे धोखाधड़ी का पता चला. उसने साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत की जिसके बाद साइबर पुलिस ने 2 मोबाइल नंबर धारकों के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है.

किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारी

दिवाली : अलर्ट पर मेडिकल-मेयो

महानगर संवाददाता. दिवाली के मद्देनजर आगजनी सहित आपात स्थिति से निपटने के लिए शासकीय वैद्यकीय महाविद्यालय व अस्पताल और इंदिरा गांधी शासकीय वैद्यकीय महाविद्यालय व अस्पताल ने तैयारी कर ली है. अगले 2-3 दिनों तक छुट्टी को देखते हुए कैजुवल्टी में आवश्यक दवाइयों की आपूर्ति की गई है?. साथ ही आगजनी जैसी घटनाओं को देखते हुए डाक्टरों को अलर्ट रहने के निर्देश दिये गये है. इस बीच मेडिकल और मेयो के भीतर किसी भी तरह की आग, पटाखे जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है?. दिवाली के दौरान आग की घटनाएं सामने आती है. वहीं पटाखों से जलने, जख्मी होने वाले भी बढ़ जाते हैं. रविवार होने से दोनों अस्पतालों में ओपीडी बंद रहेगी. जबकि मंगलवार को ओपीडी शुरू रहेगी. यही वजह है कि कैजुवल्टी में पर्याप्त व्यवस्था की गई है. आग और पटाखों जैसी घटनाओं से निपटने के लिए आवश्यक दवाइयों की आपूर्ति की गई है?. डाक्टरों को चौबिस घंटे अलर्ट रहने के निर्देश दिये गये हैं. इसके साथ ही सुरक्षा रक्षकों को भी चौकसी बढ़ाने को कहा गया है. सरारती तत्वों द्वारा परिसर के भीतर पटाखे जलाने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा रक्षकों द्वारा कैजुवल्टी और वार्डो के अलावा परिसर में भी निगरानी बढ़ाने को कहा गया है.



- कैजुल्टी में होगा इलाज

पटाखों से जख्मी होने वाले मरीजों की जांच के लिए कैजुवल्टी में ही इलाज की व्यवस्था की गई? है. सभी आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई है. इसके साथ ही कुछ बेड भी दोनों अस्पतालों में आरक्षित किये गये हैं. ताकी गंभीर मरीज को तत्काल चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जा सके. ट्रामा केयर सेंटर की कैजुवल्टी को भी अलर्ट पर रखा गया है?. दुर्घटना सहित अन्य हादसों में गंभीर मरीजों को भर्ती कराने को कहा गया है. मेयो के अधिष्ठाता डा. अविनाश गावंडे ने बताया कि दिवाली के मद्देनजर व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त किया गया है. उन्होंने नागरिकों से पर्यावरण पूरक दिवाली मनाने का आहवान किया है?.

नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भव्य पथ संचलन निकला



नवभारत न्यूज़

पिपला नारायणवार 7 नवंबर. ज्ञानोदय ज्ञान पीठ शाला में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में अनुशासित एवं कदम से कदम मिलाकर नगर के प्रमुख मार्गों से निकले। पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवकों में अनुशासन, एकता और संगठन के प्रति समर्पण का भाव देखने को मिला। नगर के विभिन्न स्थानों पर नागरिकों ने पथ संचलन का स्वागत किया। इस आयोजन के माध्यम से स्वयंसेवकों ने समाज में संगठन, अनुशासन, आपसी सद्भाव एवं राष्ट्रसेवा का संदेश दिया। पथ संचलन शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। आयोजन में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों की सहभागिता रही।

पांढुरना पुलिस की अनोखी पहल,एसपी तथा पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों ने वृद्धाश्रम पहुचकर मनाई दीपावली



नव भारत न्यूज

पांढुरना,7नवंबर, दीपावली केवल दीप जलाने और खुशियां मनाने का पर्व नहीं, बल्कि अपनों के साथ खुशियां बांटने और समाज के उन लोगों तक अपनापन पहुंचाने का अवसर भी है, जिन्हें इसकी सबसे अधिक जरूरत है।इसी भावना को आत्मसात करते हुए आज दीपावली के पावन अवसर पर पुलिस अधीक्षक पांढुरना सुश्री विदिता डागर के साथ पांढुरना पुलिस परिवार ने नारी शक्ति सर्व सेवा समिति वृद्धाश्रम, अजनगांव पहुंचकर वहां निवासरत बुजुर्गजनों के साथ दीपावली का पर्व हर्षोल्लास एवं आत्मीयता के साथ मनाया।

इस अवसर पर बुजुर्गजनों के साथ फुलझड़ियां जलाकर, आतिशबाजी कर और मिठाइयां एवं फल वितरित कर खुशियां साझा की गईं। साथ ही वृद्धाश्रम के लिए अनाज एवं आवश्यक राशन सामग्री , दैनिक उपयोग की वस्तुओं की व्यवस्था भी की गई।

इस आत्मीय आयोजन में एसडीओपी श्री बृजेश भार्गव, रक्षित निरीक्षक श्रीमती हेमलता झरबड़े, चौकी प्रभारी बड़ चिचोली रवि वट्टी, सहायक उपनिरीक्षक ओमप्रकाश मालवीय, सहायक उपनिरीक्षक (रूज्ञह) महेश भावकर, एएसआई प्रमोद डोंगरे, प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र एवं आरक्षक ओमवीर जाट उपस्थित रहे।

पुलिस की वर्दी केवल कानून और व्यवस्था की जिम्मेदारी ही नहीं निभाती, बल्कि समाज के प्रति संवेदना, सेवा और मानवीय सरोकारों का दायित्व भी याद दिलाती है। आज वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के चेहरों पर खिली मुस्कान और उनकी आंखों में झलकी खुशी ही इस दीपावली की सबसे बड़ा उपहार रहा।क्योंकि असली दीपावली तब होती है, जब किसी के सूने जीवन में भी खुशियों का एक दीप जल उठता है।

दोपहिया की टक्कर से वृद्धा की मौत

नागपुर. जरीपटका थाना क्षेत्र में दोपहिया वाहन की टक्कर से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई. मृतका बेझनबाग, मॉडेल टाउन निवासी आशालता भाऊराव खोब्रागडे (76) बताई गई. दोपहर 2 बजे के दौरान आशालता अपने घर से पैदल ही कुछ सामान खरीदने निकली थीं. अरविंद किराना स्टोर के सामने अज्ञात दोपहिया वाहन चालक ने उन्हें टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया. स्थानीय नागरिक और परिजन मदद के लिए दौड़े. सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण उन्हें तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टर ने जांच करते ही मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने आशालता के बेटे पवन खोब्रागडे की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच आरंभ की है.

राज्य सरकार ने लिया निर्णय, 1.60 लाख किसानों को मिलेगा लाभ

21 वर्ष पूर्व का एक भी सबूत दें तो किसानों को फार्मर आईडी

नागपुर, निज संवाददाता. राज्य सरकार ने किसानों को राहत देने वाले निर्णय लिए हैं. 1 जनवरी 2015 के पूर्व खेत जमीन होने का कोई भी एक सबूत कागजात उपलब्ध किया तो किसान को फार्मर आईडी दिया जाएगा. इस निण4य से राज्य के लगभग 1.60 लाख किसान लाभान्वित होंगे. उक्त जानकारी पत्रकारों से चर्चा के दौरान राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने दी. हस्तलिखित राजस्व पंजीयन, उपलब्ध अधिकार अभिलेख या अन्य किसी कागजात के आधार पर यह प्रक्रिया पूरी की जाएगी. सरकार ने किसानों के हित में एक और निर्णय लिया है. फसलों का पंचनामा आनलाइन करने से अनेक किसानों को तकनीक अड़चन का सामना करना पड़ता है. जिसके चलते 1 लाख से अधिक किसानों के फसलों की जांच अटकी हुई थी. इस अड़चन को दूर करने के लिए अब आफलाइन जांच की जाएगी और किसानों को राहत मिलेगी.

अब तहसील स्तर पर सीएम सहायता

राजस्व मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री सहायता निधि कक्ष अब तहसील स्तर पर उपलब्ध किये जाएंगे. अब तक आर्थिक मदद के लिए मरीजों व उसके रिश्तेदारों को जिला मुख्यालय के चक्कर लगाना पड़ता था. अब तहसील स्तर पर ही यह सुविधा उपलब्ध होने से उनके समय व पैसे की बचत होगी.

सोनिया गांधी अपना इतिहास देखें

सोनिया गांधी के बाबरी मस्जिद गिराने की घटना के संदर्भ में दिये गए बयान पर बावनकुले ने कहा कि उन्होंने क्या कहा, इसकी जानकारी मुझे नहीं लेकिन जिस कांग्रेस ने देश में इमर्जेंसी लादा, नागरिकों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता और मूलभूत अधिकार छीने, उस कांग्रेस के इतिहास को उन्हें पहले देख-समझ लेना चाहिए.

महिला से छेड़खानी, 2 गिरफ्तार

नागपुर. महिला को लगातार प्रताड़ित कर रहे एक मनचले और उसके साथी ने पीड़िता के घर पर जाकर आपत्तिजनक हरकत की. घटना की जानकारी मिलते ही कलमना पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. बताया जाता है कि इसके पहले भी आरोपी ने महिला से छेड़खानी की थी और जेल भी गया था. पकड़े गए आरोपियों में मुलताई जिला बैतूल (मप्र)निवासी धुरु कैलाश बुवाड़े (27) और केजीएन सोसाइटी, गिट्टीखदान निवासी सचिन विनयकुमार पांडे (29) का समावेश है. पुलिस ने 32 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज किया है. पीड़िता पहले कैटरिंग सर्विस में काम करती थी. धुरु बुवाड़े भी उसके साथ कैटरिंग का काम करता था. पीड़िता के पति का देहांत होने के बाद से धुरु की उस पर बुरी नजर थी. करीब 4 महीने पहले भी उसने पीड़िता के साथ छेड़खानी की थी. कलमना पुलिस ने धुरु के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया था और वह जेल भी गया था. जमानत पर बाहर आने के बाद से वह वापस बैतूल चला गया था.

भूतपूर्व सैनिकों का मासिक सम्मेलन 11 नवंबर को

सिवनी। जिले के समस्त भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों, विधवाओं एवं उनके आश्रितों की समस्याओं के निराकरण तथा उनकी सुविधाओं से संबंधित विषयों पर चर्चा के उद्देश्य से दिनांक 11 नवम्बर 2026 को मासिक सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

=जाहिर सुचना =

यह कि मेरे पक्षकार श्री रूपेश पिता श्री हरिदास कड़वे निवासी प. ह.न.-29, भीमखेड़ी, ग्राम-गड़मऊ,तहसील एवं जिल्हा पांढुर्ना(म. प्र.)के द्वारा शोभा, सुमित्रा,प्रभा सायत्रा, पिता कडू, कौसल्या बेवा कडू सभी निवासी भूयारी तहसील एवं जिल्हा पांढुर्ना के नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज भूमि ग्राम- मौजा-भूयारी,खसरा नंबर 2 ,रकबा 4.241 हेक्टेयर भूमि का क्रय अनुबंध उपरोक्त दिए गए भूमि स्वामिनिओं से किया हैं उक्त अनुबंध से किसी भी सज्जन व्यक्ति, शाशकीय संस्था, निजी संस्था को किसी भी प्रकार कि आपत्ति हो तो पेपर प्रकाशन कि दिनांक से 7 दिवस कि भीतर आवेदक के अधिवक्ता से संपर्क अपनी आपत्ति दर्ज करवाए।

अधिवक्ता -कमल यादव
कार्य-स्थल
व्यवहारा न्यायलय, पांढुर्ना
तहसील एवं जिला पांढुर्ना(म.प्र.)
मो. 9424648399/8349149999

इचलकरंजी महानगरपालिका जि. कोल्हापूर
बांधकाम विभाग

जाहीर ई-निविदा सूचना क्रं. 14/2026-27 दि. 6/1/2026

- इचलकरंजी महानगरपालिकेकडील म.न.पा.फंड सन 2026-27 अंतर्गत महानगरपालिका मुख्य इमारत व अन्य इमारतीमधील विद्युतीकरण नूतनीकरण व अन्य अनुषंगिक 09 कामे मक्त्याने पुर्ण करुन घेण्यासाठी पात्र मक्तेदारांकडून ई-निविदा मागविणेत येत आहेत.
- सदर ई-निविदा http:mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दि. 7/11/2026 रोजी सकाळी 12.00 वाजले दि. 14/11/2026 दु.2.00 वाजेपर्यन्त पहावयास मिळेल.
- भरलेली निविदा सादर करणेची अंतिम दि. 14/11/2026 दुपारी 2.00 वाजेपर्यन्त राहील.
- शक्य झालेस निविदा दि. 16/11/2026 दुपारी 3.00 वाजता उपस्थित मक्तेदारांच्या समोर उघडणेत येईल.

तसेच निविदा संबंधी सर्व अटी व शर्तींची माहिती बांधकाम विभागात कार्यालयीन वेळेत व इ.म.पा नोटीस बोर्डावर तसेच http:mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर पहावयास मिळतील.

जा.क्रं./बांध/4859/2026 सही/-
महानगरपालिका कार्यालय अति. आयुक्त
दि. 06/11/2026 इचलकरंजी महानगरपालिका

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)
कोल इस्टेट, सिविल लाईन, नागपुर-440001, महाराष्ट्र, इंडिया, वेबसाईट - www.westerncoal.in

जांच कार्यवाही सूचना (अंतिम)

प्रति
श्री मंजीत
टोकन नं-3001, NEIS-24008444
पद-जनरल असिस्टेंट,
तवा माईन, पाथाखेड़ा क्षेत्र

पता - वार्ड क्रं-19,
खेड़ापती मंदिर रोड भड़रीआ
पोस्ट - चांदामेटा, थाना - परासिया
जिला - छिंदवाडा (म.प्र.) पिन - 480447

महोदय,

आपको इस कार्यालय से जारी पत्र क्रं-वेकोलि/पाथा/खा.प्र/तवा/आरोप पत्र/2026/549 दिनांक 18/06/2026 के माध्यम से आरोप पत्र जारी किया गया। उक्त आरोप पत्र मे आप पर जो आरोप लगाए गये वो गंभीर प्रकृति के है एवं इसकी जांच करना आवश्यक है। इस संबंध मे अधोहस्ताक्षरी को निष्पक्ष जांच करने हेतु पत्र क्रं-वेकोलि/पाथा/खा.प्र/तवा/जांच अधि.नियु./2026/670 दिनांक 04/07/2026 द्वारा जांच अधिकारी एवं प्रबंधन प्रतिनिधि की नियुक्ति किये गये है।

जाँच कार्यवाही की बैठक में उपस्थित होने बाबत जाँच अधिकारी द्वारा पत्र क्रं-वेकोलि/पाथा/खा.प्र./तवा/जांच तिथि/2026/767 दिनांक 21/07/2026 के अनुसार दिनांक 28/07/2026 को जांच सुनिश्चित की गई एवं उन्हें सुचना देने हेतु उनके सेवा पुस्तिका में अर्जित पते पर भारतीय डाक द्वारा स्पीड पोस्ट (Speed Post) से पत्राचार किया गया किन्तु कामगार उपरोक्त दिनांक पर उपस्थित नहीं हुये। आरोपी कामगार को एक मौका प्रदान करते हुये द्वितीय बैठक हेतु जाँच अधिकारी के पत्र क्रं- वेकोलि/पाथा/खा.प्र./तवा/जांच तिथि/2026/904 दिनांक 08/08/2026 के अनुसार दिनांक 20/08/2026 को जांच सुनिश्चित की गई एवं उन्हें सुचना देने हेतु उनके सेवा पुस्तिका में अर्जित पते पर भारतीय डाक द्वारा स्पीड पोस्ट (Speed Post) से पत्राचार किया गया किन्तु कामगार उपरोक्त दिनांक पर उपस्थित नहीं हुये। आरोपी कामगार को एक मौका प्रदान करते हुये तृतीय बैठक हेतु जाँच अधिकारी के पत्र क्रं- वेकोलि/पाथा/खा.प्र./तवा/जांच तिथि/2026/1064 दिनांक 27/08/2026 के अनुसार दिनांक 05/09/2026 को जांच सुनिश्चित की गई, किन्तु कामगार उपरोक्त दिनांक पर उपस्थित नहीं हुये।

आपका कम्पनी के सेवा पुस्तिका एवं बी-फॉर्म में स्थाई पता- वार्ड क्रं-19, खेड़ापती मंदिर के पास न्यू भंडारिअ चांदामेटा, परासिया, पोस्ट-चांदामेटा, थाना - परासिया, जिला-छिंदवाडा (म.प्र.),पिन-480447 दर्ज है।

अतः आपको सूचित किया जाता है की, आपको जारी आरोप पत्र में लगाए गये आरोपो कि जाँच के संबंध में जाँच कार्यवाही की अंतिम बैठक दिनांक 28/11/2026 को सुबह 10.00, स्थान- कार्मिक प्रबंधक कार्यालय, तवा माईन में रखी गई है। नियत तिथि एवं समय पर जाँच कार्यवाही में भाग लेने हेतु आप (स्वयं) अपने सहकर्मी एवं बचाव संबंधी दस्तावेजो/सबूतों के साथ उपस्थित होने का कष्ट करे। यदि आप जाँच कार्यवाही में उपस्थित नहीं होते है, जिसके पश्चात प्रबंधन द्वारा आपके विरुद्ध नियमानुसार एक पक्षीय विभागीय कार्यवाही कि जायेगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

जाँच अधिकारी
तवा माईन

कार्यालय उज्जैन नगर पालिक निगम, उज्जैन
छत्रपति शिवाजी भवन आगर रोड उज्जैन
(online) निविदा आमंत्रण सूचना

विज्ञप्ति क्र.1 1924 उज्जैन दिनांक :- 5/11/2028

निम्नांकित कार्य के लिए प्रपत्र 'अ' (फार्म ए) में प्रतिशत कम या अधिक के आधार पर प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग म.प्र. शासन भोपाल के कार्यालय में पंजीकृत ठेकेदारों से उक्त विभाग में पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने पर ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती हैं, तथा ठेकेदार की (श्रेणी सी) एम.पी. गवर्मेंट व सिरियल क्र. 1 का टेण्डर फार्म मूल्य 12500/- रहेगा । सिरियल क्र. 1 आनलाईन क्रय करने की अंतिम दिनांक 20.11.2026 समय 17:30, ऑनलाईन ई.एम.डी. राशि एवं समस्त दस्तावेज Submission करने की अंतिम दिनांक 20.11.2026 समय 17:30 रहेगी। निविदा की बिड दिनांक 23.11.2026 को समय 11:00 बजे खोली जायेगी।

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं। यदि उपरोक्त निविदा ने किसी प्रकार का संशोधन होता है तो इसकी सूचना ऑन लाईन दी जावेगी । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नही की जावेगी।

क्र	टेण्डर क्रमांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग म.प्र.	अर्नेस्टमनी रू.	समय अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	2026_UAD_525658_1	वार्ड क्र. 10 श्री क्षेत्र वाल्मिकीधाम आश्रम उज्जैन में डोम निर्माण कार्य ।	1,4401,126/-	UADD ISSR SOR 02-08-2021	72100/-	365 दिन

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम उज्जैन